**श्री अवतार सिंह करीमपुरी** : ताकि हम शहीदों का सम्मान कर सकें, साथ ही देश के लोग उनको आदर्श मानकर आगे भी देश के सम्मान के लिए कुर्बानी का जज्बा रख सकें। धन्यवाद।

**सरदार सुखदेव सिंह ढिंडसा** (पंजाब) : सर, मैं इनके उल्लेख का समर्थन करता हूं।

**श्री उपसभापति :** श्री महेंद्र सिंह माहरा, आप एक मिनट में सिर्फ सब्जेक्ट पर बोलिए।

### Resentment over change in the pilgrimage route to Kailash Mansarovar

**श्री महेंद्र सिह माहरा** (उत्तराखंड) : धन्यवाद, सर, मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि अभी जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन हुआ, उसमें माननीय प्रधान मंत्री जी ने अपना भाषण दिया। उनके भाषण के कुछ अंशों से जहां पूरे भारत में हमारे शिव भक्तों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है, वहीं उत्तराखंड की सम्पूर्ण जनता की धार्मिक भावनाओं को भी बहुत ज्यादा ठेस पहुंची है।

सर, प्राचीन काल से, ऋषि-मुनियों के समय से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा चलती थी, जिसका रास्ता टनकपुर से, जो लास्ट रेल हेड है, ब्रह्मदेव मंडी होते हुए जनपद पिथौरागढ़ से धारचूला तक जाता है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Now, Shri Husain Dalwai.

**श्री महेंद्र सिह माहरा :** सर, मैं पढ़ देता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is enough. Sit down. Nothing more will go on record.

**श्री महेंद्र सिह माहरा :** *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Husain Dalwai. Take just one minute.

### Violence against Dalits and Women in Maharashtra

**श्री हुसैन दलवई** (महाराष्ट्र) : सर, मैं खासतौर से यहां महाराष्ट्र का उल्लेख करूंगा। महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर दलितों के ऊपर अत्याचार और अन्याय हो रहा है। अहमदनगर डिस्ट्रिक्ट में खर्डा नाम का एक गांव है। वहां नितिन आगे नाम के एक लड़के के प्रेम सम्बन्ध एक वरिष्ठ जाति की लड़की के साथ थे। इसके लिए लड़की के भाइयों ने उसको तीन घंटे तक बेरहमी से मारा, उस पर अत्याचार किया, जिसके बाद वह मर गया।

शिर्डी में भी एक सोनई गाँव है, जहां वाल्मीकि समाज के साथ इसी तरह के प्रेम सम्बन्ध की एक बात उठी थी, जिसके बाद वाल्मीकि समाज के तीन लड़कों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। श्रीगोंदा, अहमदनगर में काष्टी गाँव में एक लड़के को घर में बुला कर मारा गया। गेवराई, बीड में ९ वर्ष के एक बच्चे की बलि दे दी गई। ...(**समय की घंटी**)... आष्टी, बीड, दारेगाँव में चुनाव में नौ लोगों ने एक आदमी को मार डाला। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति :** अब इसमें क्या करना है, आप यह बताइए ।

---

* Not recorded.